## पेज 91

**प्रश्न 1:**

हम जीवधारियों का वर्गीकरण क्यों करते हैं?

**उत्तर 1:**

पृथ्वी पर असंख्य जीव पाये जाते हैं और इन जीवों में विभिन्न प्रकार की विविधताएँ पायी जाती है। सब जीवों का अलग – अलग अध्ययन करना, उनके आपसी सम्बन्धो को समझना आदि आसान बनाने के लिए जीवधारियों का वर्गीकरण किया जाता है।

**प्रश्न 2:**

अपने चारों ओर फैले जीव रूपों की विभिन्नता के तीन उदाहरण दें।

**उत्तर 2:**

जीवों में तीन प्रकार विभिन्ता प्रायः देखी जाती हैं:

- आकार: कुछ जीव जैसे बैक्टीरिया अतिसूक्ष्म होते है तो दूसरी ओर ह्वेल जैसे जीव कई मीटर तक लम्बे होते हैं।
- जीवन काल: कुछ जीवों जैसे मच्छर का जीवन काल अति न्यून होता है जबकि कुछ पौधे सैकड़ों साल जिन्दा रहते है।
- रंग: कुछ जीव रंगहीन (पारदर्शी तक) होते है तो कुछ विभिन्न आकर्षक रंगों युक्त होते हैं।